मुक्त चिन्तन

News Letter

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त चिन्तन

06 नवम्बर, 2024

मुक्त विश्वविद्यालय ने निकाली सड़क सुरक्षा रैली

कुलपति ने दिलाई शपथ, लोगों को किया जागरूक

सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जनमानस में जागरूकता हेतु शपथ दिलाते हुए कुलपति आचार्य सत्यकाम जी

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने सड़क सुरक्षा तथा यातायात नियमों के प्रति जनमानस में जागरूकता फैलाने के लिए बुधवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय में गठित सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में गंगा प्रिसिर से लेबर चौराहा, शांतिपुरम तक सड़क सुरक्षा रैली कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में यातायात नियमों के प्रति जन मानस में जागरूकता लाने के लिए शपथ दिलाई एवं हरी झंडी दिखाकर सड़क सुरक्षा रैली का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मा0 कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने मोटरसाइकिल चालकों को जीवन रक्षा के लिए हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। लोगों को जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किए गए।

इस अवसर पर मा0 कुलपति ने जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता करने का आह्वान किया और अपने परिवार जनों को भी यातायात के नियमों के पालन करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय गति को धीमी रखें।

रैली के संयोजक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी ने इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम का स्वागत किया। रैली में शामिल प्रतिभागियों ने हेलमेट लगाएं, जीवन बचाएं। सीट बेल्ट लगाना है, जीवन बचाना है। दुर्घटना से दूरी, हेलमेट है जरूरी आदि स्लोगन के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया। रैली में विश्वविद्यालय के निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा रैली कार्यक्रम में जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण

सड़क सुरक्षा रैली कार्यक्रम में जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए माननीय कुलपति जी

सड़क सुरक्षा रैली कार्यक्रम में जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण